समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# जयपुर मे आंयोजित रैगर महासभा सम्मेलन मे मुंख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां।

Publisher
Published on 21 May 2025



सवांदाता,जयपुर,राजस्थान

**जयपुर,राजस्थान :** राजस्थान के **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा** ने आज **जयपुर** में **अखिल भारतीय रैगर महासभा** द्वारा आयोजित **प्रतिनिधि सम्मेलन** और **अभिनंदन समारोह** को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास **कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं** और **सामाजिक सशक्तिकरण** के प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में पूरे **राजस्थान से रैगर समाज** के प्रमुख **प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता** और **युवा बड़ी** संख्या में उपस्थित रहे। इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज को संगठित करना, उनके मुद्दों को सरकार तक पहुंचाना और समाज के उत्थान के लिए संवाद स्थापित करना था।

**मुख्यमंत्री ने बताए विकास के प्रमुख मुद्दे :**

१. मुख्यमंत्री ने कहा कि **उनकी सरकार समाज के हर वर्ग** के लिए काम कर रही है।

२. उन्होंने बताया कि—**गांव-गांव मे संड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई गई है**।

३. **महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजनाएं** शुरू की गई हैं।

४. **पिछड़े और वंचित वर्गों के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजनाएं** चलाई जा रही हैं।

५. **समाज के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए स्किल डेवलपमेटं सेटंर** खोले गए हैं।

६. **सामाजिक सुरक्षा पेशंन, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं** से लाखों लोगों को सीधा लाभ मिला है।

**रैगर समाज के लिए विशेष योजनाएं**

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा** ने **रैगर समाज** की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि समाज की **upliftment** के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाएंगी। उन्होंने **शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य** और **सामाजिक प्रतिनिधित्व** जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का आश्वासन दिया।

**एकजुट समाज, समृद्ध राजस्थान**

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, "राजस्थान की समृद्धि तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग को न्याय और अवसर मिले। रैगर समाज ने हमेशा संघर्ष किया है और आज उन्हें उनका हक दिलाना हमारी प्राथमिकता है।"

उन्होंने यह भी कहा कि समाज की **संस्कृति, परंपराएं** और **योगदान** को पाठ्यक्रम में शामिल करने पर विचार किया जा रहा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.